# संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E_Mail id registrarsua@yahoo.co.in

क्रमांक– 353/परीक्षा/ई–02/2025 अम्बिकापुर, दिनांक, 17/11/2025

## –::अधिसूचना::–

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 324/परीक्षा/ई–02/2025 दिनांक 10.11.2025 के अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.) के अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित निम्नलिखित पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–दिसंबर, 2025 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल www.sggcg.in के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क आदि का भुगतान करने की तिथि में वृद्धि कर निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों (B.A., B.Sc., B.Com., B.C.A., B.B.A., B.H.Sc.) के प्रथम सेमेस्टर (नियमित एवं स्वाध्यायी एवं बैकलॉग) एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित एवं स्वाध्यायी),

| स.क. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय के पोर्टल www.sggcg.in के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क आदि का भुगतान करने की तिथि (बिलंब शुल्क रू. 500/– के साथ) | दिनांक 17.11.2025 से दिनांक 25.11.2025 रात्रि 11.59 बजे तक |
| 2 | ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क आदि का भुगतान करने की पावती एवं कक्षा 10वीं, 12वीं, विगत परीक्षा के समस्त वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति, गैप हो तो शपथ पत्र, अन्य विश्वविद्यालय/बोर्ड से जारी माईग्रेशन की मूल प्रति, छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर के अन्य विश्वविद्यालय/सी.बी.एस.ई./अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा मंडल, बोर्ड/परिषद से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय से जारी पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र जैसे – आधार की फोटो कॉपी सहित संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला में जमा करने तथा प्राप्त परीक्षा आवेदनों एवं दस्तावेजों की जॉच कर पोर्टल में ऑनलाईन वेरीफाई करने की तिथि | दिनांक 17.11.2025 से दिनांक 26.11.2025 तक (महाविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समयावधि में) |
| 3 | महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला द्वारा परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन प्राचार्य के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर सहित विधिवत अग्रेषित करते हुये रोल लिस्ट के क्रमानुसार आवेदनों को इस तालिका के स.क. 2 के अनुसार दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि | दिनांक 27.11.2025 से दिनांक 02.12.2025 तक (कार्यालयीन समयावधि मे) |

टीप :– 1. परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करते समय ABC ID अनिवार्य रूप से दर्ज करें।
2. महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों का पोर्टल में Intake Capacity दर्ज करें।
3. विषय या प्रश्नपत्र का चयन पाठ्यक्रम के अनुसार करें।
4. विषय में परिवर्तन के लिए महाविद्यालय पत्र प्रेषित करें।

17.11.2025

D.t-36

Scanned with OKEN Scanner

## परीक्षार्थियों हेतु निर्देश

1. परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय के पोर्टल www.sggcg.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर भर सकते है।
2. आवेदन करने से पूर्व परीक्षार्थी स्वयं का आधार नंबर, मोबाईल नंबर, ई–मेल आईडी, ABC Id, पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, हस्ताक्षर, कक्षा 10वीं, 12वीं, विगत परीक्षा के समस्त वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति, गैप हो तो मूल शपथ पत्र, अन्य विश्वविद्यालय/बोर्ड से जारी माईग्रेशन की मूल प्रति, छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर के अन्य विश्वविद्यालय/सी.बी.एस.ई./अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा मंडल, बोर्ड/परिषद से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय से जारी पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र जैसे – आधार की फोटो कॉपी आदि दस्तावेज अपने साथ रखें।
3. परीक्षा आवेदन करते समय समस्त जानकारी सही–सही दर्ज करें। स्वयं का नाम, माता का नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, कक्षा 10वीं, 12वीं की अंकसूची के अनुसार ही भरें। इसी प्रकार परीक्षार्थी अपना वर्ग, लिंग, वर्तमान/स्थायी पता आदि सही–सही दर्ज करें।
4. परीक्षार्थी सत्र 2025–26 में प्रवेश/पंजीयन/नामांकन के समय प्राप्त यूजरआईडी एवं पासवर्डएवं पंजीकृत मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओ.टी.पी. के माध्यम से ही पोर्टल में लॉगिन कर सकते हैं।
5. परीक्षार्थी सत्र 2025–26 में जिस पाठ्यक्रम की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, उस पाठ्यक्रम का कोड एवं नाम और अनिवार्य एवं वैकल्पिक विषयों/प्रश्नपत्रों/पेपर का चयन सही–सही करें।
6. परीक्षार्थी सत्र 2025–26 में जिस महाविद्यालय/अध्ययनशाला में प्रवेश लियें हैं/ पंजीयन/नामांकन कराये हैं, उसी महाविद्यालय/अध्ययनशाला का चयन सही–सही करें।
7. परीक्षार्थी विगत वर्षों में जिस परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हुये हैं, उसकी जानकारी कक्षा 10वी, 12वीं., स्नातक परीक्षा के समस्त वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची एवं वर्ष के अनुसार सही–सही दर्ज करें।
8. परीक्षार्थी विगत वर्ष में जिस परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हुये हैं अथवा अनुत्तीर्ण रहें हैं उसका विवरण सही–सही दर्ज करें।
9. परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क आदि का भुगतान करने के पश्चात् आवेदन का प्रिंट आउट/हार्डकॉपी एवं परीक्षा शुल्क आदि का भुगतान करने की पावती (स्वहस्ताक्षरित कर) सहित कक्षा 10वीं, 12वीं, विगत परीक्षा के समस्त वर्ष/सेमेस्टर की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति, गैप हो तो मूल शपथ पत्र, अन्य विश्वविद्यालय/बोर्ड से जारी माईग्रेशन की मूल प्रति, छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर के अन्य विश्वविद्यालय/सी.बी.एस.ई./अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा मंडल, बोर्ड/परिषद से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय से जारी पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र जैसे – आधार की फोटो कॉपी सहित संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला में जमा करें।
10. दिव्यांग परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट प्रदान किया जाएगा।
11. परीक्षार्थी स्वयं की पासपोर्ट साइज फोटो की नवीनतम रंगीन फोटो और स्वयं के हस्ताक्षर की Soft/Scanned copy (jpeg, jpg, png file format) साथ सावधानी पूर्वक अपलोड करें।
12. परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाईन यूपीआई/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिग, आदि के माध्यम से कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त बैंकिग ट्रांजेक्शन चार्जेस का भुगतान परीक्षार्थी को स्वयं करना होगा।
13. परीक्षा आवेदन करने पर किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर हेल्प लाईन नम्बर 9340205032, 7067026058, 9303931903 पर कार्यालयीन समयावधि में सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ईमेल आईडी sgguexam2008@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

17.11.2025

D.t-37

Scanned with OKEN Scanner

## महाविद्यालय के प्राचार्य/अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष हेतु निर्देश

1. परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा आवेदन का प्रिंट आउट/हार्डकॉपी एवं परीक्षा शुल्क आदि का भुगतान करने की पावती सहित उपरोक्त बिंदु–9 अनुसार दस्तावेजों सहित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला में जमा करने पश्चात् प्राप्त परीक्षा आवेदनों एवं दस्तावेजों की जॉच कर निर्धारित तिथि में पोर्टल में ऑनलाईन वेरीफाई करना अनिवार्य होगा। ऑनलाईन वेरीफाई करने के बाद पाठ्यक्रम अनुसार परीक्षार्थियों का रोल लिस्ट पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं।
2. परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन प्राचार्य के पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर सहित विधिवत अग्रेषित करते हुये रोल लिस्ट के क्रमानुसार आवेदनों को इस तालिका के स.क्र. 2 के अनुसार दस्तावेजों सहित विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में निर्धारित तिथि में जमा करना अनिवार्य होगा।

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)

अम्बिकापुर, दिनांक, 17/11/2025

पृ. क्रमांक– 354/परीक्षा/ई–02/2025
प्रतिलिपि –

1. माननीय कुलपति, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
2. कुलसचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
3. विभागाध्यक्ष, समस्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
4. प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय
5. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
6. वित्त अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
7. सहायक कुलसचिव (अकादमिक/गोपनीय/भण्डार), संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
8. जन सम्पर्क अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
9. व्यवस्थापक, एम.आई.सी.एस. भोपाल।
   – की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. सम्पादक/ब्यूरो चीफ..............................................अम्बिकापुर की ओर इस निवेदन के साथ प्रेषित कि उपरोक्त अधिसूचना को परीक्षार्थियों के सूचनार्थ छात्र हित में अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र के आगामी अंक में समाचार के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
11. विश्वविद्यालय सूचना–पटल।
12. कार्यालयीन नस्ती।

17.11.2025

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner